तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 7 मार्च 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 फड़ प्रभारी को दंतैल हाथी ने पटक कर उतारा मौत के घाट, संघ में आक्रोश



**खबर संक्षेप**

## कृषि और ग्रामीण परिवर्तन पर वेबिनार का प्रसारण

**कोरबा।** कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) कटघोरा में शुक्रवार को कृषि और ग्रामीण परिवर्तन विषय पर आयोजित पोस्ट-बजट वेबिनार का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को केंद्र सरकार के बजट में कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़े प्रावधानों की जानकारी दी गई। वेबिनार का प्रसारण सुबह 11.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक किया गया, जिसमें क्षेत्र के प्रगतिशील किसान तथा महिला स्व-सहायता समूहों की सक्रिय सहभागिता रही।
वेबिनार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। उन्होंने अपने संदेश में कृषि क्षेत्र में तकनीक के बढ़ते उपयोग, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए बजट में किए गए महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आधुनिक तकनीक और नवाचार किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।
कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र कटघोरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एस. पी. सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि बजट की नई नीतियों का लाभ तभी मिल सकेगा, जब किसान इन योजनाओं और तकनीकों के प्रति जागरूक होकर उन्हें अपनाएंगे। उन्होंने किसानों को वैज्ञानिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों ने भी किसानों का मार्गदर्शन किया। मत्स्य विज्ञान की विशेषज्ञ श्रीमती सुलोचना भुइयां ने मछली पालन और नील क्रांति की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

### बीते वर्ष 2 हजार सीटों में पूरी की गई थी प्रवेश प्रक्रिया

# आरटीई के तहत स्कूलों में प्रवेश लेने इस बार मचेगी मारामारी, 621 सीटों में ही होगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आरटीई के तहत इस वर्ष निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए मारामारी मचेगी। नए नियम के अनुसार नर्सरी स्कूलों को आरटीई के दायरे से बाहर किए जाने के बाद पहली कक्षा के केवल 621 रिक्त स्थानों में ही प्रवेश दिया जाएगा और जिसके लिए 31 मार्च अंतिम तिथि घोषित की गई है। शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारियां शुरु की है। हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्यों को अपने क्षेत्र के निजी स्कूलों के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है।

**खास बात**

- नए नियम से नर्सरी स्कूल आरटीई के दायरे से किए गए बाहर

शिक्षा के अधिकार के तहत बच्चों को उनके मनपसंदीदा इंग्लिश मीडियम स्कूलों में प्रवेश मिल जाया करता था। पुराने नियम शिक्षा के अधिकार के तहत नर्सरी स्कूल सहित कक्षा पहली एवं कक्षा 12वीं तक रिक्त स्थानों में प्रवेश दिया जाता था इससे छात्रों को प्रवेश के लिए रिक्त सीट मिला करती थी। बीते शिक्षण सत्र में आरटीई के पुराने नियम के तहत नर्सरी स्कूल भी इसके दायरे में आया करते थे और कक्षा 12वीं तक अगर किसी कक्षा में आरटीई की सीट खाली है तो उसमें प्रवेश दिया जाता था लेकिन नए शिक्षण सत्र में आरटीई के तहत निजी स्कूलों में दिए जाने वाले प्रवेश के नियम में स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा संशोधन कर दिया गया है। अब नर्सरी स्कूल में आरटीई के तहत प्रवेश नहीं मिलेगा। वहीं कक्षा 12वीं तक अगर किसी कक्षा में आरटीई की किसी कारणवश कोई स्थान रिक्त है तो उसमें भी प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा। ये दो बड़े संशोधन के बाद जिले में इस वर्ष 2026-27 के शिक्षण सत्र में महज 621 सीट ही ऐसी हैं जिसमें आरटीई के तहत प्रवेश दिया जाएगा। जबकि 2 वर्ष पूर्व यह संख्या 3 हजार से अधिक थी।



फाइल फोटो

**621 सीटों में प्रवेश**

इस वर्ष आरटीई के तहत केवल पहली कक्षा में ही प्रवेश मिलेगा जिसमें 621 सीटें हैं। नर्सरी स्कूलों में इस वर्ष से आरटीई के तहत नए नियम के कारण प्रवेश नहीं लिया जा सकेगा।

- टी पी उपाध्याय
जिला शिक्षा अधिकारी

**क्यों घटी सीटों की संख्या**

आरटीई के तहत बीते वर्ष तक नर्सरी स्कूल से लेकर क्लास 1 तक प्रवेश दिया जाता था। कुल सीट के 25 प्रतिशत स्थान आरटीई से भरे जाते थे इसलिए यह संख्या अधिक रहती थी और इस वर्ष केवल पहली कक्षा में ही प्रवेश मिलेगा और पहली कक्षा में सीट इसलिए कम हुई है क्योंकि पिछले शैक्षणिक सत्र में जितने बच्चों ने आरटीई के तहत नर्सरी कक्षा में प्रवेश लिया था वह सभी क्लास 1 में पुराने नियमों के तहत अपडेट हो जाएंगे। ऐसी स्थिति में जिन निजी स्कूलों में आरटीई के तहत नर्सरी स्कूलों में प्रवेश लेकर उत्तीर्ण होकर पहली कक्षा में प्रवेश लेंगे और उसके बाद जो स्थान रिक्त बचेंगे उसमें ही प्रवेश मिल सकेगा।

**फर्जीवाड़े पर लगेगी रोक**

निजी स्कूलों में आरटीई के तहत प्रवेश देने के मामले में गड़बड़ियां हुआ करती थी। इन गड़बड़ियों में अब रोक लगेगी। इन गड़बड़ियों में वो रिक्त स्थान शामिल रहते थे जिसमें आरटीई के तहत प्रवेश लेकर पढ़ने वाले छात्र जिन्हें 12वीं तक कक्षा में पढ़ाई करने की सुविधा मिली थी वो छात्र बीच की कक्षा में पढ़ाई छोड़कर चले जाते थे। उसके बाद रिक्त स्थान पर स्कूल प्रबंधन प्रवेश दे देता था अब नए नियम से प्रवेश नहीं दे सकेगा।

# शराब के नशे में मदहोश चाचा ने की गाली-गलौज, भतीजे ने की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

होली पर्व को लेकर एक 60 वर्षीय वृद्ध अपने भतीजे के घर गया था। जहां शराब के नशे में मदहोश होकर गाली गलौज कर रहा था। जब भतीजे ने मना किया तो उससे वाद विवाद करने लगा। देखते ही देखते विवाद बढ़ते गयसा और भतीजे ने अपने चाचा की पिटाई कर दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाई कर हत्या के आरोपी भतीजे को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

मामला बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अ र सि या डुग्गूपारा की है। बताया जाता है कि यहां निवासरत देवीदयाल उम्र लगभग 60 वर्ष 4 मार्च होली के दिन अपने रिश्ते के भतीजा करण साय राउत उम्र 30 वर्ष के घर गया था। देवीदयाल शराब के नशे में मदहोश था। दोपहर को वह गाली गलौच कर रहा था जब करण ने गाली गलौच करने से मना किया तो वह आवेश में आ गया और हंगामा करने लगा। इस बीच देवीदयाल और करण साय राउत के बीच जमकर विवाद शुरू हो गया और करण सिंह ने देवी दयाल को दीवाल में पटक दिया जिससे उसे गंभीर चोट लगी और मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के वारदात के बाद बांगो पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और हत्या की घटना को अंजाम देने वाले भतीजा करण साय राउत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



आरोपी करण

# घर के बाहर विस्फोट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने भेजा सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बरपाली में एक ग्रामीण के घर के बाहर विस्फोटक लगाकर विस्फोट करने के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरपाली सिंचाई कॉलोनी निवासी माखन लाल निर्मलकर पिता स्व. आत्माराम निर्मलकर उम्र 73 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि 1 व 2 मार्च की दरमियानी रात अज्ञात आरोपियों ने उसके घर के बाहर मुख्य द्वार पर विस्फोट किया था। जिससे टाईल्स टूट गया था और घर को भी नुकसान हुआ था। रिपोर्ट के आधार पर उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरु की और जांच के आधार पर पुलिस ने शुधांशु यादव पिता दिलीप यादव उम्र 24 वर्ष पता सिंचाई कॉलोनी बरपाली, नितेश सारथी पिता फिरत सारथी उम्र 23 वर्ष एवं पंकज यादव पिता अजय यादव उम्र 19 वर्ष पता करमंदी बडेपारा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी सुधांशु यादव के घर से जीआई तार व मिर्ची पाउडर डिब्बा जैसे नमुना रखे हुए अन्य प्लास्टिक के डिब्बा जप्त कर आरोपियों को जेल भेज दिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



## खबर संक्षेप

### हुड़दंगियों ने पुलिस के साथ की मारपीट, फाड़ी वर्दी, 7 गिरफ्तार



**बिलासपुर।** बिल्हा क्षेत्र के निपनिया गांव में पुलिस कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पहले गांव के एक व्यक्ति को पीटा और गाड़ी डिवाडर में चढ़ा दी। इस दौरान उन्हें पकड़ने गई बिल्हा पुलिस से हुज्जतबाजी करते हुए धक्का-मुक्की व मारपीट की। इस घटना में एक आरक्षक की वर्दी फाड़ दी गई, जबकि कुछ पुलिसकर्मियों को चोटें भी आईं। पुलिस ने मामले में सात आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य की तलाश जारी है।

बिल्हा पुलिस के अनुसार होली के दिन पेंडरवा निवासी जलेश्वर साहू थाने पहुंच कर पुलिस को उसके साथ युवकों द्वारा मारपीट करने की बात कही, उसी दौरान उसकी बेटी ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया कि युवक शराब के नशे में है और गाली गलौज करते हुए जान से मारने के लिए आमादा है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस की टीम गांव पहुंची और जलेश्वर साहू को अपने साथ थाने ले आई। सूचना मिलने पर बिल्हा थाना प्रभारी अवनीश पासवान अपनी टीम के साथ गांव के लिए रवाना हुए। रास्ते में निपनिया के पास आरोपी युवकों की कार क्रमांक सीजी 10 एन 2288 क्षतिग्रस्त हालत में मिली। पुलिस टीम कार चालक को पकड़कर थाने ले जा रही थी। इसी दौरान गांव में रहने वाले जावेद, अजीम, कार्तिक श्रीवास, पप्पू और अन्य लोग वहां पहुंच गए और पुलिस कार्रवाई का विरोध करने लगे। आरोपितों ने कार चालक को पुलिस के कब्जे से छुड़ाने की कोशिश की। बताया गया कि जावेद और अजीम ने गांव के श्याम बंसल, राहुल बंसल और अन्य लोगों को भी मौके पर बुला लिया। इसके बाद युवकों ने महिला आरक्षक चंदा यादव से धक्का-मुक्की की। साथ ही दूसरी आरक्षक मौसम साहू की वर्दी फाड़ दी और उनके साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे आरक्षक संतोष मरकाम के साथ भी आरोपितों ने मारपीट की। स्थिति को संभालने के दौरान थाना प्रभारी अवनीश पासवान को भी चोटें आईं।

### बाइक दुकान में लगी आग से मचा हड़कंप

**बिलासपुर।** शुक्रवार को शनिचरी बाजार से पचरीघाट जाने वाली सड़क के किनारे मोटरसाइकिल मैकेनिक दुकान में लगी आग लगने से वहां हड़कंप मच गया। किसी तरह लोगों की सूचना पर नगर निगम की दमकल के पहुंने के बाद आग पर काबू पाया गया। शुक्रवार की देर रात शनिचरी बाजार से पचरीघाट जाने वाली सड़क के किनारे स्थित एक मोटर साइकिल मैकेनक की दुकान में आग लग गई। जिससे आसपास के इलाके में जमकर हड़कंप मच गया। लोगों की सूचना पर पहुंची नगर निगम की दमकल की सहायता से आग को बुझाया जा सका। आग कैसे लगी लोग जानकारी देते रहे।

### प्री-पीएचडी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी में पीएचडी का नया बैच शुरू होना है। इसके लिए प्री-पीएचडी के लिए दूसरी बार आवेदन की तिथि बढ़ाई गई है, जिसकी अंतिम तिथि शनिवार को समाप्त हो रही है। अटल यूनिवर्सिटी पीएचडी के तीसरे बैच में प्रवेश की तैयारी कर रही है। इसके लिए प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्री-पीएचडी के लिए यूनिवर्सिटी ने 30 जनवरी से प्री-पीएचडी फार्म भी आनलाइन भराना शुरू किया था। प्री-पीएचडी के लिए पहले 16 फरवरी आवेदन की अंतिम तिथि रखी गई थी, जिसे बढ़ाकर 28 फरवरी तक की गई थी। उसके बाद यूनिवर्सिटी ने प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा के आवेदन की तिथि दूसरी बार बढ़ाई थी।

## शहर और उपनगरीय क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचल भी रंग से रहा सराबोर

# जमकर उड़े रंग, जनप्रतिनिधियों ने कार्यकर्ताओं के संग खेली होली



पूर्व राजस्व मंत्री के साथ होली खेलते पूर्व महापौर एवं अन्य कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रंगों के त्यौहार होली पर शहर और उपनगरीय क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचल रंग से सराबोर रहा। जनप्रतिनिधियों ने अपने कार्यकर्ताओं और आम लोगों के साथ जमकर होली खेली। उद्योग मंत्री सहित महापौर और पूर्व मंत्री के निवास स्थान में राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं और आम लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। राजनीतिक दलों के अलावा शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी अपने अपने स्तर पर होली के आयोजन किए थे।

शहर में कई स्थानों पर होली मिलन समारोह आयोजित हुए, लेकिन स्वर्ण सिटी स्थित पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के निवास पर आयोजित समारोह विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर नगर तथा आसपास के क्षेत्रों दर्री, जमनीपाली, बालको, कटघोरा, पाली, हर्दीबाजार, गेवरा तथा पेंड्रा-गौरेला-मरवाही एवं बिलासपुर सहित विभिन्न स्थानों से हजारों लोग स्वस्फूर्त रूप से शामिल हुए। विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, पत्रकारगण तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक समारोह में उपस्थित रहे। सभी का आत्मीय स्वागत किया गया और परंपरागत रूप से अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएँ दी गईं। फाग गीतों की स्वर लहरियों और ढोलक की थाप ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। विशेष बात यह रही कि समारोह में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए हर्बल गुलाल का उपयोग किया गया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का पर्व है। उन्होंने अपील की कि यदि वर्ष भर में किसी से अनजाने में कोई गलती हुई हो, तो उसे भूलकर प्रेम और सौहार्द के साथ इस पर्व को मनाना चाहिए।

### अग्रवाल सभा का होली मिलन समारोह



अग्रवाल सभा कोरबा व अग्रवाल महिला मंडल का होली मिलन समारोह का अयोजन अग्रसेन भवन कोरबा में अयोजित किया गया। अग्रवाल सभा के होली मिलन समारोह में फाग गीतों के साथ ही भक्ति गीतों, हंसी के रंगों में रंगे चुटकलों ने होली मिलन समारोह में विशेष आकर्षण रहा इस अवसर पर अग्रबंन्धुओं के द्वारा ही चुटकलों प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि मै सभी अग्रबन्धुओं को रंगों के पर्व पर होली कि हार्दिक बधाई देता हू रंगों को यह पर्व हमें सभी कुछ भेदभाव भूल देता है सभी को एक रंग में रंगा देता है उसी प्रकार से हमें भी इस त्योहार को सलीनता के साथ मनाना चाहिए। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल रामसिंह अग्रवाल नागरमल अग्रवाल राजकुमार अग्रवाल श्रीकांत बुधिया अग्रवाल सभा सचिव गोपाल अग्रवाल के साथ अशोक मोदी, विश्वनाथ केडिया, देवी प्रसाद केडिया, अशीष खेतान, नरेन्द्र अग्रवाल, शंकर लाल टमकोरिया, अनिल अग्रवाल, राकेश अग्रवाल शिव मोदी भारी संख्या में अग्रबन्धुगण उपस्थित हुये। अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा भी होली मिलन समारोह का अयोजन किया गया इस अवसर पर महिला मंडल के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का अयोजन किया गया जिसमें होजी, डोल, डांस, विभिन्न गेम का अयोजित हुए जिसमें अग्र महिलाओं ने बढ चढ कर हिस्सा लिया।

### होली के रंग में रंगे कैबिनेट मंत्री



विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने चारपारा कोहड़ियि स्थित निवास पर होली स्नेह मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं के साथ होली खेली। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, प्रबुद्धजनों, पत्रकार और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। रंगों के इस त्यौहार पर उनके आवास पर कार्यकर्ताओं समर्थकों और क्षेत्रवासियों का तांता लगा रहा। ढोल नगाड़ों की थाप, गुलाल की खुशबू के बीच पूरा माहौल भाईचारे और सौहार्द से सराबोर नजर आया। मंत्री श्री देवांगन ने गुलाल लगाकर शुभकामनाएं प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया उन्होने सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ‘यह पर्व हमें बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देता है जैसे होलिका दहन के माध्यम से नकारात्मकता का अंत होता है उसी प्रकार हमें अपने जीवन से भी द्वेष अहंकार और वैमनस्य को दूर कर प्रेम और सहयोग की भावना को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर सभी के साथ मंत्री श्री देवांगन ने पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया युवा कार्यकर्ताओ ने भी समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लिया जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय बना रहा। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, जिला महामंत्री संजय शर्मा, पार्षद नरेंद्र देवांगन, लक्ष्मण श्रीवास, तरुण राठौर, धनश्री साहू, प्रेम साहू, ईश्वर पटेल, तीर्थ साहू, सरोज शांडिल्य, मुकुंद कंवर, सत्येंद्र दुबे, किसन केवट, कौशल देवांगन, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष वैभव शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, मनीष मिश्रा, योगेश मिश्रा, डीलेन्द्र यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### छग अखबार वितरक संघ ने खेली होली



छग अखबार वितरक संघ के सदस्यों ने टीपी नगर में उत्साह और उमंग के साथ होली का त्योहार मनाया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग-बिरंगे गुलाल लगाया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों ने बताया कि होली का पर्व भगवान विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद से जुड़ी पौराणिक कथा की याद दिलाता है। इस अवसर पर पदम सिंह चंदेल, सुभाष अग्रवाल, विपेन्द्र कुमार साहू, जयसिंह नेताम, लक्ष्मी राठौर, रायसिंह, रामा, कृष्ण निर्मलकर, तपेश्वर राठौर, अनिल गिरी, राजकुमार पटेल, हर्ष नेताम, राहुल, पप्पू, विजय, रजत, ओमकार, दीपक, सोनू दास, किशन, शिवम, अजय, बजरंग यादव, जय दास, विशाल, दिलीप, देव पटेल, प्रहलाद, सोनू, हरीश, दामोदर, अज्जू उपस्थित रहे।

### कटघोरा विधायक के निवास मनी होली



कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के निवास रेलडबरी उतरदा में होली पर्व पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों विधायक श्री पटेल को रंग गुलाल लगाकर होली खेली। श्री पटेल ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि होली हमारी आध्यात्मिक, समाजिक परंपरा है। यह महज रंग गुलाल खेलने का त्योहार नही है, यह त्योहार रंगों से सजी जीवन को रंगीन बनाने शांति सौहार्द, आपसी भाईचारा का संदेश देता है, सालभर के गिले सिकवे भूल के एक रंग में रंगने गले मिलकर बधाई देने का त्योहार है। इस दौरान सुंदर सिंह मरावी, उपसरंपच राकेश जायसवाल, कृष्णा पटेल, छोटेलाल पटेल, श्रवण यादव, मन्नु सांई राठौर, शिव यादव, प्रकाश राठौर सहित कार्यकर्ता व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### वंदे मातरम प्रभात शाखा में मनाई गई होली



प्रगतिनगर स्थित छठ घाट में वंदे मातरम प्रभात शाखा के स्वयंसेवकों द्वारा होली उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक एकत्रित हुए और एक-दूसरे को गुलाल लगाया। कार्यक्रम में पारंपरिक फाग गीतों के साथ उत्सव का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के दौरान नगर संघ सह कार्यवाहक खगेंद्र कौशिक ने उपस्थित सभी जनों से होली से जुड़ी कहानी सुनाने प्रेरित किया। स्वयंसेवक अरुण सोनी ने उपस्थित स्वयंसेवकों और बच्चों को होली पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर नगर संघ संचालक लल्लू सिंह, नगर सह कार्यवाह खगेंद्र कौशिक, नगर शारीरिक प्रमुख श्याम सुंदर पटेल, अरुण सोनी, मयंक पांडे, मयंक नायक, राजेश सोनी उपस्थित रहे।

# केसीसी में विदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा कम्प्यूटर महाविद्यालय में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। विदाई समारोह का शुभारंभ राजेश अग्रवाल डायरेक्टर केसीसी एवं कोषाध्यक्ष श्रीमती रंजना अग्रवाल, विशेष अतिथि अमीत चौबे, शिक्षको, छात्रों, अभिभावकों व जनसमूह की उपस्थिति में सरस्वती व गणेश वंदना के साथ हुआ। गणेश वंदना नृत्य स्वास्तिका बीबीए अंतिम की छात्रा के द्वारा किया गया।

इस दौरान विभिन्न प्रकार के ज्ञानवर्धक खेलों के साथ छात्रों का मनोरंजन किया गया, इस वर्ष पर फाइनल के छात्र-छात्राओं को मजेदार उपाधियों से उनका सम्मान किया गया, उन्हें स्मृतिचिन्ह भी दिया गया। तत्पश्चात ओम दास कक्षा बीबीए प्रथम के छात्र द्वारा बॉलीवुड नृत्य प्रस्तुत किया गया, इसके बाद एक-एक करके सभी प्रस्तुतियाँ मनमोहक थी, जिसमें नीलम एवं मलिस्का कक्षा डीसीए, डीसीए एवं प्रिया एवं प्रिंसी युगल डांस तथा अल्का, अंगिता, बबिता, ज्योति, जयंती एवं मोनिका ग्रुप डांस पीजीडीसीए से प्रस्तुत किया गया, तत्पश्चात अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के द्वारा रोमांचित गेम्स कराया गया, जिसमें बच्चों ने खूब बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के द्वारा मनमोहक रैंपवॉक की प्रस्तुति की गई, जिसमें बच्चों ने खूब आनंद लिया। मंच संचालन बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा नेहा पटेल द्वारा किया गया, बीसीए अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने अपने 3 वर्ष के शिक्षा काल के अनुभव कॉलेज के प्रथम दिन और अंतिम दिन पर अपने विचार प्रस्तुत किए, महाविद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए छात्र-छात्राओं ने कहा कि हम अपने जूनियर छात्र-छात्राओं से यही कहेंगे कि वह प्रतिदिन महाविद्यालय में उपस्थित हो, और पढ़ाई पर ध्यान दें। हर दिन हमें कुछ नई चीजों की जानकारी प्राप्त होती है।

### ट्रेलर को रोक 2 युवकों ने की लूटपाट पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** एनटीपीसी सीपत से राखड़ लेकर दुर्ग जा रही ट्रेलर को रोककर नकदी व मोबाइल की लूटपाट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस ने युवकों से एक कार और नकदी सहित लूटपाट के सामान बरामद कर लिया है। घटना के अनुसार जिला जम्मुई बिहार का रहने वाला पिन्टु कुमार यादव पिता सुधीर यादव उम्र 22 साल ट्रेलर चलाता है। 6 मार्च को रात 2 बजे एनटीपीसी सीपत से ट्रेलर क्रं सीजी 10 बीवाई 9976 व चार अन्य ट्रेलर में राखड़ लोड कर दुर्ग जा रहे थे। रायपुर बिलासपर रोड़ के टोयटा शोरूम के सामने करीब रात 3 बजे आरोपी सुमीत दुबे और यशराज यादव कार क्रं. सीजी 10 बीजे 9996 में पहुंचे और ट्रेलर के सामने कार लड़ा कर ट्रेलर को रोक लिया। दोनों युवकों ने पहले ट्रेलर में लोड राखड़ के पेपर की मांग की।

8 March Happy Woman's Day
हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता
CHOUKSEY GROUP OF COLLEGES
BILASPUR (C.G.)
B.TECH, M.TECH, MBA, PHARMACY, LAW, BAMS, DEGREE COURSES
प्रथम पुरस्कार वाशिंग मशीन
द्वितीय पुरस्कार इंडक्शन
तृतीय पुरस्कार मिक्सर ग्राइंडर
चतुर्थ पुरस्कार इलेक्ट्रीक आयरन
विशेष पुरस्कार 5 एवं अनेक सांत्वना पुरस्कार

1. भगवान महावीर जी की माता का क्या नाम था ? ......
2. भारत की प्रथम महिला सरोद वादक कौन थी ? ......
3. भारत की प्रथम महिला पायलट कारगिल युद्ध आपरेशन में भाग लिया ? ......
4. भारत की प्रथम महिला न्यूज रीडर कौन थी ? ......
5. मेयर बनने वाली प्रथम किन्नर कौन थी ? ......
6. रेल्वे बोर्ड में पहली महिला सदस्य का नाम ? ......
7. टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ......
8. भारतीय वायु सेना की प्रथम महिला एयर मार्शल ? ......
9. दिल्ली मेट्रो ट्रेन की प्रथम महिला आपरेटर ? ......
10. प्रथम महिला भारतीय लेफ्टिनेंट जनरल का नाम ? ......

छुपा है हर घर में हुनर
एरिना में उसे बनाएंगे और भी बुलंद
Join a Graduation Degree Program : B Voc in Animation (Hottest Career Option today)
Admissions Open For New Session
Call : 88188 00 890 / 88190 00 890
ARENA ANIMATION
AI SUMMER CAMP FOR KIDS Exclusively for Class 5th - 11th
Link Road, Bilaspur
3D - 2D Animation - Visual Fx - Gaming - Graphics Audio - Video Editing - Fashion - Interior Designing

New Town Own it!
Off. Add. : 2nd Floor, KRISHNA Sanchhatra Compound, Shiv Talkies Square, Beside Jalaram Food Junction Bilaspur (C.G.)

नियम एवं शर्तें - 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2.महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है। 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्ठि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2026 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्धति से निकाला जायेगा। 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़े किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा। 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा। 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी। 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्टि हरिभूमि के एजेंटों / संवाददाताओं / जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते है।

विश्व महिला दिवस प्रविष्टि
नाम सुश्री / श्रीमती :- ......
पिता/पति का नाम :- ......
स्थाई पता :- ......
फोन/मो. नं. :- ......
शैक्षणिक योग्यता :- ......
फोटो यहां चिपकाएं

punjab national bank ...the name you can BANK upon !
pnb
call 1-800-2222 or 1-800-103-2222 Toll Free
www.pnbindia.in

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING | MBA | PHARMACY | LAW
COMMERCE, ARTS & SCIENCE | SCHOOL
Campus: Near High Court, Raipur Road, Bilaspur
Mob. : 9522220113, 9516606123

# किसान उन्नत योजना के तहत कटघोरा ब्लॉक के 5449 किसानों के खातों में बोनस राशि जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा




कार्यक्रम के दौरान उपस्थिति अतिथि एवं अन्य।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के किसानों को बड़ी सौगात देते हुए किसान उन्नत योजना के अंतर्गत बोनस की राशि वर्चुअली जारी की। इस पहल के तहत कटघोरा विकासखंड के लगभग 5449 किसानों के खातों में सीधे ऑनलाइन बोनस राशि अंतरित की गई।इस अवसर पर कृषि एवं धान उपार्जन समिति द्वारा कटघोरा स्थित अंबेडकर भवन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में उपस्थित कटघोरा विधायक प्रेमचन्द पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अनुरूप कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों से जो वादा किया था, उसे होली त्योहार से पूर्व पूरा करते हुए किसान उन्नत योजना की अंतर राशि का वितरण किया गया है। विधायक पटेल ने कहा कि बोनस राशि किसानों के खातों में पहुंचने से उनके चेहरों पर खुशी झलक रही है और इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विधायक प्रेमचन्द पटेल ने योजना के तहत किसानों को मछली पकड़ने के जाल वितरित किए। इसके साथ ही ‘किसान लोन योजना’ के अंतर्गत पात्र किसानों को चेक भी प्रदान किए गए। इस दौरान किसानों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद कटघोरा के अध्यक्ष राज जायसवाल, उपाध्यक्ष लालबाबू ठाकुर, जनपद पंचायत कटघोरा की अध्यक्षा श्रीमती झुलबाई गोविंद सिंह कंवर, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष गोविंद सिंह कंवर, जनपद सदस्य राम प्रसाद कोर्राम, जिला पंचायत सभापति सुषमा रवि रजक, कटघोरा जनपद पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी यशपाल सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिधेक गर्ग, धान उपार्जन केंद्र कटघोरा के प्रबंधक विनोद भट्ट, कृषि विभाग के अधिकारी एमपी सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं कृषक उपस्थित रहे।

## 32 विद्यालयों में बालक बालिका शौचालय, 21 विद्यालयों में किचन शेड सहित विकास कार्यों का भूमिपूजन

# शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और सुसज्जित करने की दिशा में उठाए जा रहे ठोस कदम : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री के सुशासन में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और सुसज्जित करने की दिशा में निरंतर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उनके नेतृत्व में प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक स्तर तक की शैक्षणिक संस्थाओं में अधोसंरचना को उन्नत करने पर विशेष बल दिया जा रहा है। जिला खनिज न्यास मद से शासकीय स्कूलों के नवीन भवन निर्माण, बालक-बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय, किचन शेड, सुरक्षा हेतु बाउंड्रीवॉल का निर्माण तेजी से कराए जा रहे हैं।

**खास बात**

- 3 करोड़ 8 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन


भूमिपूजन करते उद्योग मंत्री एवं महापौर।

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सरस्वती शिशु मंदिर सीएसईबी में 32 विद्यालयों में बालक बालिका शौचालय निर्माण और 21 विद्यालयों में किचन शेड निर्माण कार्य समेत 3 करोड़ 8 लाख के विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सुशासन की सरकार में आज कोरबा नगर समेत जिले का सर्वांगीण विकास हो रहा है। जनता की अपेक्षा में खरा उतारते हुए उनकी हर मांग और जरूर को ध्यान में रखते हुए कार्य किए जा रहे हैं। सरस्वती शिशु मंदिर, बच्चों के अंदर भारत और भारतीयता के प्रति, एक नागरिक के रूप में उन कर्तव्यों का बोध कराने, सुयोग्य नागरिक बनाने हेतु अपने राष्ट्रीय दायित्व का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन कर रहा है। शिक्षा के साथ संस्कार भी आज बच्चों को दिए जा रहे हैं। यहां से निकले हुए छात्र आज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में समाज को नेतृत्व देकर विकसित भारत के संकल्प के साथ जुड़कर पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपना योगदान दे रहे हैं। मेरा सौभाग्य है कि मुझे विकास कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि विष्णुदेव सरकार आज विकास के हर पैमाने पर सौ फीसदी खरा उतरते हुए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व और उद्योग मंत्री के मार्गदर्शन में मूलभूत सुविधाओं सीसी रोड, नाली, पेयजल, सफाई, स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के नए भवन के निर्माण तेजी से हो रहे हैं। शहर के 10 नालों को जोड़कर एसटीपी प्लांट से पानी को ट्रीटमेंट करने की योजना पर तेजी से काम चल रहा है। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने कहा कि शौचालय नहीं होने से स्कूली बच्चों को खासी परेशानी हो रही थी। क्षेत्र के बच्चों को सर्व सुविधा स्कूलों में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त होगी, जिससे उनका भविष्य उज्जवल होगा। भूमिपूजन के दौरान मध्य क्षेत्र विद्या भारती के उपाध्यक्ष जुडावान सिंह ठाकुर, नगर संघचालक अशोक तिवारी, कैलाश नाहक, मृगेश यादव, अमृतलाल, नागेंद्र सिंह, धीरेंद्र सिंह, जोगेश लांबा, अशोक चावलानी, पंकज देवांगन, नरेंद्र देवांगन, हीतानंद अग्रवाल, राकेश वर्मा, चंद्रलोक सिंह, श्रीमती ममता यादव, रामकुमार साहू, प्राचार्य राजकुमार देवांगन, नानजी भाई पटेल, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, विन्रम तिवारी, मुकुंद सिंह कंवर, सरोज शांडिल्य, फिरत साहू, रतन कंवर, अजय चंद्रा, श्रीमती प्रीति दिनेश शर्मा, राम कुमार साहू, किशन केंवट, जनक सिंह राजपूत उपस्थित रहे।

**इन कार्यों का हुआ भूमिपूजन**

नगर निगम क्षेत्रांतर्गत दर्री जोन के 32 शासकीय विद्यालयों में बालक-बालिका शौचालय निर्माण लागत 1 करोड़ 60 लाख रुपए तथा दर्री जोन अंतर्गत 21 शासकीय स्कूलों में किचन शेड निर्माण कार्य, कोसाबाड़ी जोन अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य वार्ड क्रमांक 19 में सीएसईबी के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में अथिति स्वरूप भवन निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 22 में रोड निर्माण एवं शेड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 24 नेहरू नगर के मुख्य मार्ग में ग्रीनवेल्ट निर्माण कार्य तथा वार्ड क्रमांक 21 पूर्व वार्ड क्रमांक 19 गायत्री यज्ञपीठ सीएसईबी कॉलोनी में अतिरिक्त भवन निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य शामिल है।

## बस स्टैंड में अवैध शराब की बिक्री, दो गिरफ्तार

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार थाना अंतर्गत बस स्टैंड महेश ढाबा में काफी दिनों से चोरी छुपे अवैध शराब के बिक्री किया जा रहा था। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार डनसेना के निर्देश पर सउनि कृपा शंकर दुबे ने अपने दलबल सहित ने होली पर्व की दोपहर छापामारी की कार्यवाही की जहां अवैध रुप से शराब बिक्री करते पाया गया। पुलिस ने महेश ढाबा से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब, 22 नग देशी पाव, 8 नग गोवा एवं शराब के बिक्री रकम 45 सौ रुपए के साथ बिक्री जब्त किया गया। वहीं मामले के आरोपी महेश यादव पिता स्व अजब सिंह यादव उम्र 28 वर्ष एवं सहयोगी प्रमोद कु1मार राठौर पिता कृष्ण कुमार राठौर उम्र 38 वर्ष को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

**शपथ पत्र**
**(नाम परिवर्तन)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं SANTOSH VISHWAKARMA S/o KASHI RAM VISHWAKARMA, निवासी रामपुर कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम SANTOSH KUMAR VISHWAKARMA, S/o KASHI RAM VISHWAKARMA रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम से जाना, पहचाना एवं पुकारा जावे।

**शपथकर्ता**
**SANTOSH KUMAR VISHWAKARMA**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मौजा ग्राम लखनपुर, प.ह.नं.-43. रा.नि.मं. सुतर्रा, तहसील-पोंड़ीउपरोड़ा स्थित खसरा नं.-257/1/ग रकबा 0.024 हेक्टे. परिवर्तित भूमि मेरे नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है उक्त वर्णित भूमि को मेरे द्वारा विष्णु कुमार पिता भरत लाल से क्रय किया गया है। पूर्व में खसरा नं.-257/1/ग रकबा 0.024 हेक्टे. भूमि को विष्णु कुमार के द्वारा सतानंद पिता बलभद्र प्रसाद (विक्रेता) से क्रय किया गया था जिसका विलेख क्रमांक-1784, बुक नं.-A-1 तथा वाल्यूम नं. 1256 है, जो कि उपपंजीयक कार्यालय कटघोरा में बिक्री पंजीयन हुआ है। उक्त वर्णित दस्तावेज की मूलप्रति मेरे से कहीं गुम हो गया है जो कि आज दिनांक तक नहीं मिल पाया है। उक्त वर्णित मूल दस्तावेज को मुझे बैंक में सर्च रिपोर्ट बनवाने हेतु आवश्यकता है। इसलिए उसकी जगह मुझे उपपंजीयक कार्यालय कटघोरा से उस विलेख की प्रमाणित प्रतिलिपि निकलवानी है यदि उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म व कम्पनी को आपत्ति हो तो उसके द्वारा सूचना प्रकाशन 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति या दावा मुझे दे सकते हैं। अन्यथा समयावधि समाप्त होने के उपरोक्त कोई भी आपत्ति या दावा अमान्य एवं शून्य होगा। दिनांक :-06.03.2026

**आवेदक**
**शिव अग्रवाल पिता स्व नत्थूलाल**
**निवासी मुख्यमार्ग कारखाना एरिया**
**कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**
**मो.नं.-7000721087**

## प्राइमेक्स एजुकेशन सेंटर में मनाया गया होली मिलन समारोह

**कोरबा।** शिक्षण संस्थान प्रीमेक्स एजुकेशन सेंटर में होली मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में संस्थान के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें गीत, नृत्य एवं होली से संबंधित कार्यक्रम शामिल रहे। संस्थान के डायरेक्टर अरुण कुमार जोशी ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी से सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल होली मनाने का संदेश भी दिया।

**न्यायालयः- श्रीमान सुनील कुमार नन्दे, तृतीय जिला न्यायाधीश कोरबा, जिला-कोरबा छ.ग.**
प्रोसेस कमांक 223/2026 विविध सिविल अपील क्रमांक 01/2026
पेशी तिथि 16.03.2026

**आम ईश्तहार/नोटिस**

श्रीमती नीरा बाई वगैरह — अपीलार्थीगण
बनाम
आम जनता वगैरह — उत्तरवादीगण

सर्वसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अपीलार्थीगण श्रीमती नीरा बाई वगैरह के द्वारा उत्तरवादीगण आम जनता वगैरह के विरूद्ध धारा 384 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के तहत दिलेराम की मृत्यु दिनांक 13.06.2022 को हो जाने के कारण उसके नाम पर महाप्रबंधक सेंट्रल वर्क शॉप एस.ई.सी.एल. एवं सह प्रबंधक निदेशक एस.ई.सी.एल. में जमा राशि सी.एम.पी.एफ., ग्रेज्यूटी व अन्य मदों में कुल राशि 71,25,216/- (इकहत्तर लाख पचीस हजार दो सौ सोलह रूपये) को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने के संबंध में न्यायालयः श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, जिला-कोरबा छ.ग. के समक्ष प्रस्तुत किया गया था जो निरस्त होने के कारण न्यायालयः तृतीय जिला न्यायाधीश कोरबा, जिला-कोरबा छ.ग. के न्यायालय में अपील प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई हेतु दिनांक 16.03.2026 को नियत है। अतः उत्तरवादी क्रमाक 01 (आम जनता जिसका इससे कोई संबंध हो), को उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 16.03.2026 को 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। नोट-अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी। आज दिनांक 06.03.2026 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(सुनील कुमार नन्दे)**
**तृतीय जिला न्यायाधीश कोरबा,**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**









## क्राइम की खबरें

### एंबुलेंस में लगी थी चाबी, युवक लेकर हो रहा था फरार, भेजा गया जेल

**कोरबा।** मेडिकल हॉस्पिटल के परिसर में खड़ी एम्बुलेंस के पास एक युवक जा पहुंचा और छेड़खानी करने लगा और शराब के नशे में मदहोश युवक ने एंबुलेंस में लगी चाबी को देखकर एंबुलेंस चालू कर भागने लगा। जब गार्ड की नजर पड़ी तो उसने दौड़ाकर गाड़ी को रोका और उसे पुलिस हवाले कर दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मामला 3 मार्च की देर शाम की है। बताया जाता है कि मेडिकल अस्पताल परिसर में एंबुलेंस 108 के चलक की तबीयत बिगड़ने पर वह फ्रेश होने के लिए परिसर में गाड़ी खड़ी कर गया हुआ था। इस बीच वहां उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घाठाद्वारी निवासी बाबूलाल बिंझवार उम्र 42 वर्ष पिता सिरतु सिंह बिंझवार पहुंचा और एंबुलेंस में चढ़कर एंबुलेंस में छेड़खानी कर रहा था। इस बीच गाड़ी में चाबी लगा देख बाबूलाल बिंझवार ने एंबुलेंस को स्टार्ट कर लिया और एंबुलेंस को लेकर ही भागने लगा। जब वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों की नजर बाबूलाल पर पड़ी तो उन्होंने दौड़कर उसे पकड़ा और एंबुलेंस को रोका जिसके उपरांत बाबूलाल को मेडिकल अस्पताल परिसर स्थित चौकी में लाया गया और पुलिस को सपोर्ट किया गया। मामले की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने बाबूलाल के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस के साथ मनाया जाएगा आवास दिवस

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार एवं सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग के मार्गदर्शन में जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में प्रत्येक माह की 7 तारीख को चावल उत्सव एवं महात्मा गांधी नरेगा के रोजगार दिवस के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास दिवस का आयोजन किया जाएगा। आवास दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराना, हितग्राहियों में जन-जागरूकता लाना तथा निर्माण में आ रही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है। जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि रोजगार दिवस और आवास दिवस का आयोजन सभी ग्राम पंचायतों में अनिवार्य रूप से किया जाए तथा शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय पर पक्का आवास उपलब्ध कराया जाए।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट केंप 11 मार्च को

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोरबा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 11 मार्च को किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से नियोजक प्रिंसीपल सिक्योरिटी एण्ड एलाईड सर्विसेस प्रा0लि0, कोरबा, द रियल हण्टर बालको कोरबा, कृष्णा कॉरपोरेशन कोरबा और अपोलो फार्मासिटिज लिमि0 रायपुर द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। रिक्तियों में सिक्योरिटी गार्ड 70, सिक्योरिटी सुपरवाईजर 10, सिक्योरिटी गार्ड डॉग हेण्डलर 10, सिक्योरिटी गार्ड डॉग हेण्डलर 2, सी.आर.ओ.- 2, टेक्निकल असिस्टेंट- 6, फार्मासिस्ट' 10, फार्मेसी असिस्टेंट- 10 योग्यता- 8वी - 12वीं - स्नातक, आयुसीमा- 18-45 वर्ष तक एवं वेतनमान रूपये 7,000 से 15,000 तक नियोजक द्वारा निर्धारित किया गया है।

### संत गाडगे की 150वीं जयंती समारोह कल

**कोरबा।** संत गाडगे युवा धोबी समाज सेवा समिति के द्वारा 8 मार्च को संत गाडगे की 150वीं जयंती दोपहर 3 बजे धोबी समाज भवन ढोढ़ीपारा में मनाया जाएगा। इस दौरान समिति के द्वारा हनुमान मंदिर कोसाबाड़ी से धोबी समाज भवन ढोढ़ीपारा तक बाइक रैली निकाली जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन होंगे। विशिष्ट अतिथि महापौर संजूदेवी राजपूत, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, पार्षद नरेंद्र देवांगन होंगे।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कल होगा जिला स्तरीय महिला खेल का आयोजन

**कोरबा।** संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोरबा द्वारा जिला में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खेलो इंडिया अस्मिता लीग के तहत खेल 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, दौड़ प्रतियोगिता आयु वर्ग अण्डर 13, 13 से 18 वर्ष एवं 18 वर्ष से उपर के प्रतिभागियों के लिये एवं मनोरंजनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य के बालिका/महिलाओं को खेलों के प्रति उत्साहित एवं बढ़ावा देने के उददेश्य से 1 दिवसीय जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1, कोरबा में किया जायेगा। महिला खेल प्रतियोगिता अंतर्गत खेल कबडडी, खो-खो, रस्साकसी एवं व्हॉलीबॉल को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क है। संबंधित खेल 8 मार्च को प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जायेगा। आयोजन में बालिका/महिला प्रतिभागी निर्धारित प्रपत्र में विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1, कोरबा में 8 मार्च को अपना पंजीयन कराकर प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

## कोरबा वन मंडल के कुदमुरा परिक्षेत्र का मामला, बाल- बाल बची पत्नी

# फड़ प्रभारी को दंतैल हाथी ने पटक कर उतारा मौत के घाट, संघ में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुदमुरा स्थित उपार्जन केंद्र में लाखों रुपए कीमती धान का अब तकउठाव नहीं हो पाया है और उसकी सुरक्षा के लिए फड़ प्रभारी अपनी पत्नी के साथ उपार्जन केंद्र में तैनात था। इस दौरान जंगल से विचरण करते हुए एक दंतैल केंद्र उपार्जन केंद्र तक जा पहुंचा और फड़ प्रभारी को पटक पटककर मौत के घाट उतार दिया है। जबकि उसकी पत्नी ने किसी तरह से भागकर जान बचाई है। घटना के बाद छग सहकारी कर्मचारी संघ में आक्रोश है।

मामला कोरबा वनमंडल के कुदमुरा वन परिक्षेत्र में घटित हुई। रजगामार निवासी राजेश कुमार सिंह 55 वर्ष पिता शशीकांत सिंह वह आदिवासी सेवा सहकारी समिति में कार्यरत था। उन्हें धान खरीदी के लिए समिति के अंतर्गत आने वाले कुदमुरा उपार्जन केंद्र का फड़ प्रभारी बनाया गया था। उपार्जन केंद्र में खरीदी बंद होने के बावजूद उठाव के लिए करीब 1160 क्विंटल धान शेष था।


मृतक राजेश कुमार।


मृतक की पत्नी को सहायता राशि प्रदान करते वन अधिकारी।

जिसके चोरी चले जाने अथवा हाथी, मवेशियों द्वारा नुकसान पहुंचाए जाने की संभावना को देखते हुए राजेश व उसकी पत्नी पिंकी देवी को कुदमुरा उपार्जन केंद्र में ही तैनात किया गया था। 4 मार्च की रात केंद्र में ही थे। इसी बीच रात करीब 1.35 बजे एक दंतैल हाथी बाउंड्री तोड़कर भीतर घुस गया। दंतैल हाथी ने बोरियों में भरे धान को चट करने लगा। हाथी की चिंघाड़ सुनकर फड़ प्रभारी राजेश सिंह तेज रोशनी वाला टॉर्च में लिया हुआ था। इस बीच उसने हाथी की हरकतों को देख रहा था और कुछ क्षण बाद ही हाथी आक्रमक हो गया और सीधे राजेश के उपर हमला कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी ने भागकर जान बचाई। यह खबर मिलते ही विभागीय अमले में हड़कंप मच गया। घटना के बाद वन विभाग के अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और मामले में वैधानिक कार्यवाही कर मृतक राजेश की पत्नी को प्राथमिक सहायता की राशि प्रदान कर दी गई है।

### अधिकारियों की उदासीनता से हुई धान खरीदी केंद्र में घटना

कुदमुरा धान खरीदी केंद्र में हाथी के हमले से फड़ प्रभारी की मौत की घटना प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता की परिणाम है। जिनके द्वारा खरीदी बंद होने के एक माह बाद भी महज 18 हजार क्विंटल के धान का उठाव नहीं कर सकते हैं जबकि मार्च महीना शुरु हो चुका है और अधिकारी राइस मिलर्स पर धान उठाव के लिए दबाव नहीं बना सके। अभी भी राइस मिलर्स अन्य जिलों से धान का उठाव लगातार कर रहे हैं जबकि जिले के हाथी प्रभावित संवेदनशील धान खरीदी केंद्रों में अभी भी हजारों क्विंटल धान जाम पड़ा हुआ है। कलेक्टर कुणाल दुदावत धान उठाव की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। उसके बावजूद उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव नहीं हो पाना प्रशासनिक उदासीनता दर्शाता है। करतला विकासखंड के कुदमुरा के अलावा ग्राम बरपाली कोरबा में 16 हजार क्विंटल धान, श्यांग उपार्जन केंद्र में 10 हजार क्विंटल धान, चिर्रा में 6 हजार क्विंटल धान का उठाव नहीं हो सका है और ये सभी उपार्जन केद्र हाथी प्रभावित क्षेत्र के दायरे में आते हैं और प्रशासन भी इन केंद्रों को हाथी प्रभावित मानता है। उसके बावजूद इन केंद्रों से आज तक धान का पूरी तरह उठाव नहीं हो पाना सीधे सीधे अधिकारियों की लापरवाही सामने आ रही है।

## युवती और युवक की फंदे में मिली लाश, तहकीकात में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अलग अलग घटनाओं में दो लोगों की फांसी के फंदे में लाश मिली है जिसमें एक युवती व एक युवक शामिल है। पहली घटना बालको थाना क्षेत्र के बेलगड़ी बस्ती की है यहां निवासरत जीवन लाल की 19वर्षीय पुत्री ललिता गभेल आयुष्मान अस्ताल में काम करती थी। उसने अपने घर में फांसी लगाकर खुदखुशी कर ली है। युवती ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस व परिजन सख्ते में हैं कि ऐसी क्या वजह थी उसकी पुत्री ने यह आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस को घटना स्थल से किसी तरह का कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा। इसी तरह दूसरी घटना कुसमुंडा थाना क्षेत्र की है। यहां ग्राम सुराकछार और आनंद नगर के मध्य खोलार नदी के किनारे एक युवक का शव फंदे पर लटका मिला। युवक की पहचान मनीष कंवर 18 वर्ष पिता धुल सिंह कंवर के रूप में की गई है। बताया जाता है कि युवक बुधवार की दोपहर होली खेलने घर से निकला लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की तो घर से थोड़ी ही दूर खोलार नदी के किनारे बांस के पेड़ पर गमछे से बनाए फांसी के फंदे पर वह घुटने के बल झूलता मिला। सूचना मिलने पर कुसमुंडा पुलिस मौके पर पहुंची और वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दी है। दोनों ही मामलों में पुलिस मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

**खास बात**
- जिले के बालको व कुसमुण्डा थाना क्षेत्र का मामला

### पैर फिसलने से महिला गिरी कुंए में, मौत

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत नेहरू नगर में कुएं में गिरने से एक महिला की मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार पानी निकालते समय 38 वर्षीय चंदा देवी साह नामक युवती का पैर फिसल गया और वह 30 फीट गहरे कुएं में गिर गई। घटना के समय महिला की दो पुत्री मौके पर थीं। उन्होंने मां को कुएं में गिरते देख चीख-पुकार मचाई, जिसके बाद रिश्तेदार और पड़ोसी मौके पर पहुंचे। लोगों ने सीढ़ी और रस्सी की मदद से महिला को कुएं से बाहर निकाला। उन्हें तुरंत बालको चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच उपरान्त मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बालको थाना पुलिस मौके पर पहुंची और वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दी।

## गांव की पीडीएस दुकानों में बना रहता है चावल का संकट


फाइल फोटो

### पहले से थम्ब लगाने का खेल

ग्रामीण अंचलों के पीडीएस दुकानों के खिलाफ अक्सर ये शिकायतें सामने आती हैं कि दुकान संचालक पहले से ही हितग्राहियों के राशन कार्ड में उनके हस्ताक्षर के साथ थम्ब लगवा लेते हैं और चावल एक साथ दो माह का दिए जाने का हवाला देते हैं। ऐसे मामलों की जांच भी विभाग के द्वारा कराई तो जाती है लेकिन उसके परिणाम सामने नहीं आते। करतला ब्लॉक के नवापारा पीडीएस दुकान का ऐसा ही मामला सामने आया था। जिसकी जांच के लिए खाद्य निरीक्षक मौकास्थल पर गए थे क्या कार्यवाही हुई अब तक सामने नहीं आ सका है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर जनदर्शन में चावल संकट की अधिकांश शिकायतें ग्रामीण अंचलों की पीडीएस दुकानों से ही आती हैं। जबकि शहरी क्षेत्रों की पीडीएस दुकानों में ऐसी शिकायतों का ना आना खाद्य विभाग की भंडारण की प्रक्रिया पर सवाल खड़े होने लगे हैं कि आखिर ग्रामीण अंचल की पीडीएस दुकानों तक विभाग का चावल क्यों नहीं पहुंच पाता।

खाद्य विभाग से खाद्य सामग्री का एलॉटमेंट मिलने के बाद नागरिक आपूर्ति निगम के द्वारा भंडारण कार्य कराया जाता है उसके बावजूद ग्रामीण अंचलों की पीडीएस दुकानों में चावल के नहीं पहुंचने और हितग्राहियों को दो महीने तक चावल नहीं मिलने की शिकायतें कलेक्टर जनदर्शन मे लगातार सामने आ रही है। जबकि दूसरी ओर इस तरह की शिकायतें शहरी क्षेत्र की पीडीएस दुकानों में ना के बराबर रहती है। इसका गहराई से जानकारी लेने पर यह मामला सामने आया कि अधिकांश एपीएल, बीपीएल अधिकारी अपने कोटे का चावल पीडीएस दुकानदार को 20 रुपए प्रति किलो की दर से बेच देते हैं और यही चावल मार्केट में रिसायकलिंग होकर महंगे दामों पर बिकता है। चावल के इस खेल के कारण विभाग के खाद्य निरीक्षक सहित पीडीएस दुकान संचालक मिलकर पीडीएस दुकानों में सबसे पहले चावल का भंडारण कराते हैं। जबकि वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अंचलों के हितग्राही अपने कोटे का चावल का उठाव करते हैं उनके द्वारा पीडीएस दुकानदार को चावल नहीं बेचे जाने के कारण ग्रामीण अंचलों में सरकारी चावल की खरीदी बिक्री नहीं हो सकती इसलिए ग्रामीण अंचलों के पीडीएस दुकानों में चावल के भंडारे पर विभाग के अधिकारी रुचि नही लेते और परेशान हितग्राही विभाग का चक्कर काटते रहते हैं।

## नशेड़ी युवकों ने चार लोगों पर चाकू व ब्लेड से किया हमला, 6 गिरफ्तार


घटना के बाद थाना में जुटी बस्तीवासियों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नशेड़ी युवकों ने सीतामणी बस्ती में होलिका दहन के बीच जमकर हंगामा मचाते हुए बस्ती के ही कुछ लोगों से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान चाकू और सर्जिकल ब्लेड से हमला कर दिया। उनके हमले में चार युवक घायल हो गए, जिनमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से आक्रोशित बस्तीवासी भारी संख्या में थाना जा पहुंचे थे। घटना के बाद कोतवाली पुलिस तत्काल एक्शन में आयी और पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जिसमें दो नाबालिक शामिल हैं।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलीडुग्गु बस्ती में घटित हुई है। बताया जा रहा है कि मोतीसागर पारा निवासी नानू, लक्की, चिंटू सागर, राकेश, गिरीराज शर्मा, लव शुक्ला व विकास सहित कुछ युवक इमलीडुग्गु बस्ती की ओर गए थे। नशे में धुत युवक सामुदायिक भवन के समीप पहुंचे थे। इसी दौरान उनका सामना बस्ती में रहने वाले परवीन कुमार बरेठ, मुकेश यादव, धन सिंह व मोहन ठाकुर से हो गया। नशेड़ी युवको ने गाली गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान बदमाशों ने अपने पास रखे चाकू व सर्जिकल ब्लेड से हमला कर दिया। घटना में परवीन व मुकेश को गंभीर चोटें आई, जबकि धनसिंह व मोहन भी घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर बदमाश मौके से फरार हो गए हैं। मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लव शुक्ला, गिरीराज, राकेश महंत, सुनील सागर सहित दो नाबालिकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### जोगियाडेरा में भी हुई चाकूबाजी

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगियाडेरा बस्ती में चाकूबाजी की घटना सामने आयी है। बताया जाता है कि होली के दिन बस्तीवासी एक साथ होली खेल रहे थे। इसी दौरान गांव का राणा प्रताप सिंह का किसी बात को लेकर विनोद केंवट, फिरत केंवट व उनके साथियों के साथ विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर विनोद और फिरत ने अपने साथियों के साथ राणा प्रताप से मारपीट शुरु करते हुए चाकू से हमला कर दिया। हमला में एक युवक को गंभीर चोट लगा है। बस्तिवासियों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल कोरबा में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच किया जा रहा है।

### कुल्हाड़ी से वनकर्मी पर हमले की कोशिश, मामला दर्ज

कटघोरा वनमंडल के जेमरा सर्किल में ईतवार सिंह 45 वर्ष निवास करता है। ईतवार सिंह ने जेमरा के एएनआर क्षेत्र क्रमांक पी 128 के तीन चार पेंच में आग लगा दिया था। आग तेजी से जंगल में फैल रही थी, जिसकी सूचना पेट्रोलिंग पर निकले सर्किल के स्टॉफ को लगी। सर्किल स्टॉफ मौके पर पहुंचकर किसी तरह आग को बुझा दिया। इस दौरान वन कर्मियों ने ईतवार को समझाने की कोशिश किया गया लेकिन ईतवार सिंह समझने के बजाए आक्रोशित हो गया और वन कर्मियों को गाली गलौच करते हुए कुल्हाड़ी लेकर दौड़ाना शुरू कर दिया। किसी तरह वनकर्मी भागकर स्टॉफ क्वाटर जा पहुंचे लेकिन ईतवार सिंह इतने गुस्से में था कि पीछे पीछे वन कर्मी के स्टॉफ क्वाटर में पहुंच गया और क्वाटर के चौखट पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था। घटना की सूचना मिलने पर कटघोरा पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी ईतवार सिंह के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## लापरवाही : एक राजस्व निरीक्षक सहित 14 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी तरूण कुमार किरण (आईएएस) की अध्यक्षता में राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर ओंकार यादव एवं प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख टी. आर. भारद्वाज भी उपस्थित रहे। बैठक में जिले में संचालित मसाहती सर्वेक्षण कार्यों सहित विभिन्न राजस्व संबंधी कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

**खास बात**
- राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न


बैठक के दौरान निर्देश देते तरुण कुमार किरण।

बैठक के दौरान जिला कोरबा में चल रहे कुल 113 मसाहती ग्रामों की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को बताया गया कि इन 113 मसाहती ग्रामों में से 8 ग्रामों का अंतिम प्रकाशन तथा 12 ग्रामों का प्रारंभिक प्रकाशन किया जा चुका है, जबकि शेष ग्रामों में मसाहती सर्वे का कार्य प्रगति पर है। समीक्षा के दौरान उपस्थित राजस्व निरीक्षकों एवं हल्का पटवारियों को ग्रामवार खसरों का सत्यापन, प्रारंभिक प्रकाशन एवं अंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने तथा राजस्व अभिलेखों की स्वच्छ प्रति तैयार करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि मसाहती ग्रामों के सर्वेक्षण कार्य की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा कलेक्टर द्वारा की जाएगी। सर्वेक्षण कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर एक राजस्व निरीक्षक तथा 14 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस (एससीएन) जारी किया गया है। बैठक में इसके अतिरिक्त डीसीएस के अंतर्गत रबी फसल सर्वेक्षण, सातवीं लघु सिंचाई संगणना, डिजिटल किसान किताब, सीमांकन कार्यों की प्रगति, वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टा नामांतरण, स्वामित्व योजना, नक्शा बटांकन एवं नवीनीकरण से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई तथा सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

### किशोरी को जबरन ले जाकर छेड़छाड़ की कोशिश, आरोपी को भेजा गया जेल

**कोरबा।** एक 14 वर्षीय किशोरी को अपने साथ ले जाकर युवक द्वारा छेड़खानी किया जा रहा था। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे जेल भेज दिया है। मामला सीएसईबी चौकी क्षेत्र का है यहां 15 ब्लॉक पंप हाउस में निवासी अहमद खान पिता शब्बीर खान 4 मार्च की दोपहर एक 14 वर्षीय किशोरी को बलपूर्वक अपने साथ मानिकपुर चौकी क्षेत्र के नेहरुनगर झाड़ियों में ले गया था और उसके साथ छेड़छाड़ की घटना की अंजाम दे रहा था जब स्थानीय लोगों की नजर पड़ी तो उन्होंने युवक को धरदबोचा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सीएसईबी चौकी पुलिस ने इस मामले में आरोपी अहमद खान के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे जेल भेज दिया है।







